**कार्यालय जिलाधिकारी बुलन्दशहर।**

पत्रांकः 01 /न्याय सहायक/कोरोना वायरस/2021 दिनॉकः 01.01.2021

**मा0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**

**बुलन्दशहर।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 21.05.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके अन्तर्गत न्यायालय परिसर, बुलन्दशहर में न्यायिक कार्य प्रारम्भ होना अवगत कराते हुए, माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नित्य प्रतिदिन 3.00 बजे कोविड–19 के थ्रेट लेविल की आख्या उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि गृह(गोपन), अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय के पत्र संख्या 2360/2020–सी0एक्स–3 दिनांक 26 नबम्वर, 2020 के द्वारा कन्टेनमेंट जोन की सीमा/परिधि निम्नवत निर्धारित करते हुये गृह (गोपन), अनुभाग–3 उ0प्र0शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या 2127/2020–सी0एक्स–3 दिनांक 03.10.2020 इस सीमा तक ही संशोधित किया गया है। शेष दिशा–निर्देश यथावत रहेगें।

(1) कोरोना पॉजिटिव का सिंगल केस पाये जाने पर 50 मीटर की परिधि में कन्टेंनमेंट जोन होगा।

(2) एक से अधिक केस पाये जाने पर, कलस्टर की स्थिति में, कन्टेंनमेंट जोन का दायरा 100 मीटर की परिधि का होगा।

(3) यदि एक ही आवास में एक से अधिक संक्रिय केस पाये जाये तो उस दशा में उसे सिंगल केस मानकर ही कन्टेंनमेंट जोन निर्धारित किया जाये।

गृह (गोपन), अनुभाग–3 के आदेश संख्या 2358/2020/सीएक्स–3 दिनांक 30 नवम्बर, 2020 के अनुसार कन्टेंनमेंट जोन के अन्दर निम्न कार्यवाहियॅा अनिवार्यतः की जाए–

(a) केवल अति आवश्यक गतिविधियॉ ही अनुमन्य की जाए।

(b) कन्टेंनमेंट जोन के भीतर एवं बाहर चिकित्सकीय आपातकालीन सुविधाओं तथा आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं की आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के आवागमन को नियंत्रित करने हेतु सख्त मानक अपनाये जाए।

(c) इस उद्देश्य हेतु गठित सर्विलान्स टीम द्वारा प्रत्येक मकान (House to house) की सघन निगरानी की जाय।

(d) निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कोविड–19 की टेंस्टिग की जाए।

(e) कोविड–19 पॉजिटिव पाये गये व्यक्तियों के सम्पर्क में आए सभी व्यक्तियों की सूची (कान्ट्रैक्ट ट्रैसिंग) तैयार की जाए तथा इनके चिन्हाकंन, ट्रैसिंग, क्वारेन्टाईन तथा 14 दिनों तक निरन्तर अनुश्रवण की कार्यवाही की जानी चाहियें (यथा संम्भव पॉजिटिव पाये जाने के 72 घण्टे की भीतर ही 80 प्रतिशत सम्पर्क चिन्हित कर लिये जाए)।

(f) कोविड–19 मरीजो को तत्काल आईसोलेशन (यदि वो होम आइसोंलेशन की शर्ते पूर्ण करते है तो होम आइसोंलेशन) करते हुये चिकित्सकीय उपचार प्रारम्भ कर दिया जाए।

(g) आवश्कतानुसार हॉस्पिटल में भर्ती कर उपचार किया जाए तथा उपचार की शतत निगरानी रखी जाए।

(h) आई0एल0आई/एस0ए0आर0आई0 के प्रकरण में निरन्तर निगरानी रखते हुये स्वास्थ्य सुविधाऐ उपलब्ध करायी जाए। बफर जोन में फीवर क्लीनिक अथवा मौबाईल चिकित्सा यूनिट को सक्रीय किये जाने पर विचार किया जाए।

(I) कोविड–19 से संबंधित अनुमन्य गतिविधियों (आचरण) (Appropriate behaviour) के विषय में आम समुदाय को निरन्तर जागरूक किया जाए।

प्रभारी निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, बुलन्दशहर द्वारा अपनी आख्या पत्रांक–एल.आई.यू./सी–34/2021 दिनांक 01.01.2021 में अवगत कराया गया है कि ''प्रदेश एवं देश में कोरोना संक्रमण फैलने के कारण लागू लॉकडाउन को विगत काफी समय से खोला जा चुका है। यद्यपि जनपद में प्रशासन/पुलिस द्वारा लॉकडाउन के नियमों का पालन कराया जा रहा है। परन्तु अभी भी बस स्टैण्डों, सब्जी मंडियों, साप्ताहिक बाजारों व स्थानीय बाजारों में कुछ व्यक्तियों द्वारा मास्क न लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न किये जाने आदि के कारण संक्रमण फैलने की सम्भावना बनी रहती है। ''

महोदय को यह भी अवगत कराना है कि जनपद बुलन्दशहर में 83 हॉट स्पॉट चिन्हित कर सील किये गये है, जिनमें 23–आवास विकास प्रथम (एच0एफ0एस/एस0एफ0एच0) नगरीय क्षेत्र, बुलन्दशहर, 89 शान्ती निकेतन नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 इन्दिरा नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 कैलाशपुरी नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, प्रीत बिहार कालोनी नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, नया गांव चांदपुर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, रामा एन्क्लेव, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, गिरधारी नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, कमला हॉस्पिटल के बराबर वाली गली, नगरीय क्षेत्र, बुलन्दशहर, के0पी0 रोड, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 पटेल नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, टांडा स्टेडियम के पास, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 साठा, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मोतीबाग, नगरीय क्षेत्र, बुलन्दशहर, मौ0 सूर्या नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, शास्त्री नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 राधा नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, डी0 ब्लॉक यमुनापुरम नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, सिविल लाईन, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, देवीपुरा द्वितीय, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, डी–85, गंगानगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 शिवपुरी, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 प्रेमनगर, नगरीय क्षेत्र, बुलन्दशहर बने है। इसके अतिरिक्त जनपद बुलन्दशहर मे 60 हॉटस्पाट–एन0ए0पी0एस0

टाउनशिप नगरीय क्षेत्र नरौरा, तहसील डिबाई, सीआईएसएफ कालौनी नगरीय क्षेत्र नरौरा, तहसील डिबाई, मौ0 जाटवान, कस्बा व वि0ख0 बी0बी0नगर, तहसील स्याना, लोको कालोनी, खुर्जा जंक्शन, वि0ख0 व तहसील खुर्जा, दारा सिंह की मढ़ैया, कस्बा व वि0ख0 बी0बी0नगर, तहसील स्याना, ग्राम सतोहा, वि0ख0 व तहसील डिबाई, ग्राम धीमही, वि0ख0 दानपुर, तहसील डिबाई, सराय करोड़ी, रानीवाला चौक, नगरीय क्षेत्र खुर्जा, ग्राम हुर्थला, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, ग्राम जलालपुर, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, ग्राम सरावा, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, ग्राम हजरतपुर, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, ग्राम सनौटा, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम बराल, वि0ख0 गुलावठी, तहसील बुलन्दशहर, ग्राम खुशहालपुर, वि0ख0 गुलावठी, तहसील बुलन्दशहर, ग्राम कमालपुर, वि0ख0 व तहसील बुलन्दशहर, ग्राम सलगवॉ, वि0ख0 व तहसील अनूपशहर, ग्राम डूॅगरा जोगी, वि0ख0 व तहसील अनूपशहर, ग्राम सिखैडा, वि0ख0 व तहसील बुलन्दशहर, ग्राम चित्सौन, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, ग्राम मौहम्मदपुर कलॉ, वि0ख0 व तहसील डिबाई, ग्राम बारौली वासदेवपुर, वि0ख0 व तहसील स्याना, ग्राम जमालपुर, वि0ख0 व तहसील खुर्जा, मौ0 शिवपुरी, नगरीय क्षेत्र स्याना, ग्राम आकापुर टियाना, वि0ख0 बी0बी0नगर, तहसील स्याना, ग्राम सूरजपुर मखैना, वि0ख0 व तहसील डिबाई, ग्राम इछावरी, वि0ख0 दानपुर, तहसील डिबाई, ग्राम बुढ़ाना, वि0ख0 लखावटी, तहसील बुलन्दशहर, मौ0 हीरा कालोनी, नगरीय क्षेत्र सिकंन्द्राबाद, ग्राम तिलबेगमपुर, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम पिलखनी, विख0 ऊॅचागांव, तहसील स्याना, ग्राम लोहरा, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, मौ0 मण्डी हरदेव, नगरीय क्षेत्र डिबाई, मौ0 खत्रीवाडा, नगरीय क्षेत्र सिकन्द्राबाद, ग्राम सालाबाद, वि0ख0 पहासू, तहसील शिकारपुर, आदर्श नगर, पटटी हजारी कस्बा वि0ख0 व तहसील स्याना, विकास नगर, कस्बा वि0ख0 व तहसील स्याना, लुधपुरा, वि0ख0 बी0बी0नगर व तहसील स्याना, ग्राम सठला, वि0ख0 बी0बी0नगर तहसील स्याना, ग्राम खनपुरा, वि0ख0 जहांगीराबाद, तहसील अनूपशहर, ग्राम उटरावली, वि0ख0 पहासू, तहसील शिकारपुर, ग्राम त्रिलोकपुर, वि0ख0 व तहसील डिबाई, ग्राम तलवार, वि0ख0 व तहसील डिबाई, ग्राम बैर, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम ईसापुर, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम सबदलपुर, वि0ख0 दानपुर, तहसील डिबाई, टीचर्स कालोनी, कस्बा औरंगाबाद, तहसील बुलन्दशहर, मौ0 गांधी गंज, नगरीय क्षेत्र गुलावठी, तहसील बुलन्दशहर, ग्राम सैदमपुर, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम शेखपुर माम, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम जोखाबाद, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, ग्राम फजलपुर, वि0ख0 पहासू, तहसील शिकारपुर, ग्राम बरासऊ, वि0ख0 व तहसील शिकारपुर, ग्राम ढकरौली, वि0ख0 जहॉगीराबाद, तहसील स्याना, ग्राम अकबरपुर, वि0ख0 व तहसील बुलन्दशहर, ग्राम फतहपुर मकरन्दपुर थाना ककोड वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद, गली नं0–1, चन्द्रलोक कालोनी, नगरीय क्षेत्र खुर्जा, ग्राम सलेमपुर कायस्थ, वि0ख0 व तहसील सिकन्द्राबाद बने हैं, जिनमें पाये गये पॉजिटिव व्यक्तियों की संख्या संलग्न कर सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

आज दिनांक 01.01.2021 तक जनपद में कोरोना पॉजिटिव की संख्या–5973 है, 1402 व्यक्ति होम क्वारेनटाईन में है। जनपद में 91 कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।

उपरोक्त परिस्थितियों में यदि वादकारियों के रूप में काफी लोग न्यायालय में पहुंचेगें तो माननीय न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण में सक्रमण होने की सम्भावना बढ़ सकती है। आख्या महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्नकः यथोक्त

अपर जिलाधिकारी–प्रशासन,
बुलन्दशहर।

**प्रतिलिपिः–** जिलाधिकारी महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी–प्रशासन,
बुलन्दशहर।

गोपनीय

पत्रांक-एल.आई.यू./सी-34/2020

स्थानीय अभिसूचना इकाई
बुलन्दशहर
दिनांक जनवरी , 2021

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)

जनपद बुलन्दशहर ।

कृपया अवगत कराना है कि प्रदेश एवं देश में कोरोना संक्रमण फैलने के कारण लागू लॉकडाउन को विगत काफी समय से खोला जा चुका है। यद्यपि जनपद में प्रशासन/पुलिस द्वारा लॉकडाउन के नियमों का पालन कराया जा रहा है। परन्तु अभी भी बस स्टेण्डों, सब्जी मंडियों, साप्ताहिक बाजारों व स्थानीय बाजारों में कुछ व्यक्तियों द्वारा मास्क न लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न किये जाने आदि के कारण संक्रमण फैलने की संभावना बनी रहती है।

अतः उक्त के दृष्टिगत लोगों को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करने हेतु समझाया जाना तथा समुचित सतर्कता/पुलिस प्रबन्ध सहित आवश्यक कार्यवाही किया जाना समीचीन होगा।

11/1/21

प्रभारी निरीक्षक
स्थानीय अभिसूचना इकाई
बुलन्दशहर